卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 156 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦13 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हंगामे के बीच विधानसभा सत्र शुरू

### सदन के भीतर और बाहर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के राज्यपाल ले. ज. गुरमीत गुरमीत सिंह को विधानसभा पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं दूसरी यकों ने भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों पर प्रदर्शन और दिया। इस दौरान उन्होंने भर्ती घोटाले, महंगाई सहित अन्य मांगों को लेकर





सिंह (सेनि.) के अभिभाषण के साथ सोमवार से विधानसभा के बजट सत्र का आगाज हुआ। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल तरफ सदन के बाहर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। राज्य पाल का अभिभाषण शुरू होते ही कांग्रेस विध नारेबाजी की। विधायक वेल पर पहुंच गए। सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेसी विध ायकों ने विधानसभा परिसर में धरना नारेबाजी की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधायकों के पास पहुंचे और बातचीत कर (शेष पृष्ठ सात पर)



विधानसभा सत्र में जाते सीएम, विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य

## दुकानें बचाने को महिलाएं भी आंदोलन में कूदी

### महिलाओं ने उपवास रखकर किया किया सुखमनी साहिब का पाठ, लोहिया मार्केट और समोसा मार्किट रही तीसरे दिन भी बंद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रशासन द्वारा रामनगर में प्रस्तावित जी 20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर पंतनगर से रूद्रपुर होते हुए रामनगर तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर कराए जा रहे सौंदर्यीय कार्य के तहत हजारों व्यापारियों को उजाड़ा जा रहा है। प्रशासन के खिलाफ जिला मुख्यालय के सैकड़ों व्यापारियों ने अपना कारोबार बंद कर आंदोलन शुरू कर दिया है। रोडवेज के सामने स्थित राममनोहर लोहिया मार्केट के व्यापारियों के आंदोलन के तीसरे दिन आज भी लोहिया व समोसा मार्केट पूरी तरह बंद रही। इधर प्रभावित व्यापारियों के परिजनों ने धरना प्रदर्शन स्थल पर आकर मोर्चा खोल दिया। भारी संख्या में महिलाएं आवासीय कालोनियों से अलग अलग समूहों में अपने बच्चों को साथ लेकर नारेबाजी करती हुई रोडवेज के सामने धरना स्थल पर पहुंची। महिलाओं के विशाल समूह को देखकर आंदोलित व्यापारियों ने भी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। मुख्य मार्ग पर काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। जिसे स्वयं व्यापारियों ने व्यवस्थित किया। धरना स्थल पर




आयोजित सभा को संबोधित करते मातृशक्ति ने प्रशासन को दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि वह दुकानें तोड़ने के बजाय और कोई रास्ता तलाशने की कोशिश करे। विदेशी मेहमानों को खुश करने के लिए अपनों को उजाड़ना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे मेहमानों की कोई जरूरत नही है जिन्हें खुश करने के लिए प्रशासन व्यापारियों को उजाड़ने की जिद में अड़ा हुआ है। मातृशक्ति द्वारा प्रशासन के विरुद्ध तीखे शब्द बाण छोड़े जाने के दौरान धरना स्थल पर कुछ देर तक सन्नाटा छाया रहा। जिसके बाद मातृ शक्ति के साथ व्यापारियों ने भी प्रशासन की खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मातृशक्ति ने ध रना स्थल पर प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक न सिर्फ उपवास रखा बल्कि प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए सुखमनी साहिब जी का पाठ कर ढोलक मंजीरों के साथ भजन, कीर्तन तथा शबद भी गाए। इस दौरान परमजीत कौर, इन्द्रप्रीत कौर, महेन्द्र कौर, रूबी अरोरा, हरचरण कौर, मनजीत कौर, गुरचरण कौर, कविता, कुसुम, ज्योति, गुरमीत कौर, बलविंदर कौर, रविंद्र कौर, राज कौर, दमनदीप कौर, बलकीत कौर, नीलम तनेजा, नेहा, रेनू, शीतल, सुशील गावा, मनोज मदान आदि थे।

## डीएम ने दिया आश्वासन,एनएचएआई से करेंगे बात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य मार्ग के दिनो ओर अतिक्रमण हटाने के मामले की लेकर महानगर के आंदोलित व्यापारियों के साथ मेयर,पार्षद व पूर्व विधायक सहित अनेक लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की और व्यापारियों को उजड़ने से बचाने की गुहार लगाई। उनका कहना था कि राम मनोहर लोहिया मार्केट के व्यापारी मुख्य मार्ग से काफी पीछे हट कर अपना कारोबार पिछले कई दशकों से कर रहे हैं। एनएच विभाग को जनहित को देखते हुए मार्ग का चौड़ीकरण करना चाहिए। ताकि यातायात व्यवस्थित रहे और व्यापारियों का रोजगार भी बना रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिन फड़ खोखा व्यापारियों को हटा दिया गया है उन्हे बसाने के लिए वेंडिंग जोन में स्थान उपलब्ध कराया जाए ताकि वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। जिलाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वह मुख्य मार्ग के दोनों ओर चौड़ीकरण के मामले में एनएचएआई अधिकारियों से वार्ता करेंगे और उन्हें पुनः स्थलीय निरीक्षण करने को (शेष पृष्ठ सात पर)



## कांग्रेसियों ने फूंका प्रशासन और सरकार का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा व्यापारियों के समर्थन में दशकों पुराना व्यापार कर रहे रोडवेज के सामने व्यापारियों की दुकानों को उजाड़ने के विरोध में जिला प्रशासन व भाजपा सरकार का पुतला डी डी चौक पर दहन किया और जिला प्रशासन व् भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि दशकों पुराना व्यापार कर रहे रोडवेज के सामने व्यापारियों की दुकानों को उजाड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि जब शहर के चारों तरफ बाईपास का निर्माण किया जा रहा है तो व्यापारियों को उजाड़ना उचित नहीं है। प्रशासन पहले नैनीताल हाईवे से सरकारी विभागों का अतिक्रमण हटाए उसके बाद ही व्यापारियों को उजाड़ने के बारे में सोचें। तनेजा ने कहा कि चाहे बीएस एनएल की बिल्डिंग हो या पोस्ट ऑफिस, नगर निगम, सिंचाई विभाग, रोडवेज हो सभी सरकारी विभागों ने अतिक्रमण कर रखा है लेकिन प्रशासन गरीब व्यापारियों को उजाड़ने पर उतारू है। तनेजा ने कहा कि हम जी 20 सम्मेलन का उत्तराखंड में आयोजन होने पर स्वागत करते हैं लेकिन जी 20 सम्मेलन की आड़ में जिला प्रशासन द्वारा व्यापारियों का(शेष पृष्ठ सात पर)



## होली के दिन मारपीट में घायल हुए चालक ने तोड़ा दम

लालकुआं(उद संवाददाता)। होली के दिन शराब पीने के दौरान लाठी-डंडों से हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आठ मार्च होली की शाम को इंदिरा नगर प्रथम बिंदुखत्ता निवासी अरविंद सिंह बिष्ट और उसके पड़ोस में रहने वाले लक्ष्मण राम ने साथ में शराब पी, जिसके बाद किसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया, इसी विवाद के चलते लक्ष्मण ने अरविंद के सिर में डंडे से प्रहार कर दिया, जिसके चलते अरविंद अचेत होकर सड़क के किनारे गिर पड़ा। अरविंद की बिगड़ती हालत को देखकर लक्ष्मण राम वहां से फरार हो गया था। बाद में आसपास रहने वाले कुछ लोग अरविंद को एसटीएच चिकित्सालय हल्द्वानी भर्ती कराया, जहां जिंदगी और मौत से जूझ रहे अरविंद की बीती रात मौत हो गई । अरविंद की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तथा उसकी मां का रो रो कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नरेश हत्याकांड में दो और गिरफ्तार

**होली के दिन खड़कपुर देवीपुरा में डीजे पर डांस करने को लेकर युवक की पीट-पीटकर की गई थी हत्या**

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा इलाके में बीते 8 मार्च को एन होली के दिन अपराह्न बाद डीजे पर डांस करने को लेकर रंजिशन युवक की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने दो और फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें जेल रवाना कर दिया। इस तरह



हत्याकांड में अब तक पांच नामजद अभियुक्त गिरफ्तार हो चुके हैं। ज्ञातव्य है कि बीते 8 मार्च को अपराहन बाद लगभग 3 बजे पुलिस को सूचना मिली कि खड़कपुर देवीपुरा इलाके में डीजे पर डांस करने को (शेष पृष्ठ सात पर)

## तमंचा और कारतूस समेत बदमाश दबोचा

काशीपुर (उद संवाददाता)। अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में लगे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने नागनाथ मंदिर के पास संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक युवक को शक के आधार पर धर दबोचा। पुलिस की गाड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम पंजाबी सराय मुस्लिम फंड (शेष पृष्ठ सात पर)

# संगतों ने जयकारों के साथ किया श्री झंडे जी का आरोहण

## श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में लगाई डुबकी,कल निकाली जाएगी नगर परिक्रमा

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून के दरबार साहिब में आज रविवार को ऐतिहासिक श्री झंडे जी का आरोहण हुआ। सुबह सात बजे से पुराने झंडेजी को उतारने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच दरबार साहिब के सज्जादानशीन महंत देवेंद्र दास महाराज की अगुआई में श्री झंडेजी की आरोहण प्रक्रिया चली। जिसके बाद शाम 4 बजकर 10 मिनट पर झंडे जी का आरोहण हुआ। इस दौरान पूरा दरबार साहिब संगत के जय जयकार से गूंज उठा। इस बार श्री झंडेजी पर दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का मौका पंजाब के परिवार को मिला। परिवार की सुख-समृद्धि के लिए संसार सिंह ने 30 साल पहले श्री झंडेजी पर गिलाफ चढ़ाने की मन्नत मांगी थी। संसार सिंह इस समय अपनी बेटी के पास अमेरिका में हैं। उन्हें जब पता चला कि इस बार गिलाफ चढ़ाने के लिए उनके परिवार का नंबर आया है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने अमेरिका से ही झंडे जी के आरोहण का लाइव प्रसारण देखा। महंत देवेंद्र दास महाराज की अगुआई में 14 मार्च को ऐतिहासिक नगर परिक्रमा



निकाली जाएगी। नगर परिक्रमा सुबह 7:30 बजे से शुरू होगी। इसमें 25 हजार से अधिक संगतें शामिल होंगी। नगर परिक्रमा सहारनपुर चौक, कांवली रोड होते हुए श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, बिंदाल पहुंचेगी। यहां संगत को चने, मुरमुरे और गुड़ का प्रसाद वितरित किया जाएगा। यहां से तिलक रोड, टैगोर-विला, घंटाघर, पलटन बाजार होते हुए लक्खीबाग पुलिस चौकी से रीठा मंडी, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल बांबे बाग पहुंचेगी। इसके बाद ब्रह्मलीन श्रीमहंत साहिबान के समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सहारनपुर चौक होते हुए दोपहर 12 बजे नगर परिक्रमा श्री दरबार साहिब पहुंचकर संपन्न होगी। श्री महंत इंदिरेश अस्पताल के ब्लड बैंक और महाकाल सेवा समिति के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 151 यूनिट रक्तदान हुआ। संगतों और श्री महाकाल सेवा समिति के सदस्यों, क्षेत्रवासियों ने शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समिति के अध्यक्ष रोशन राणा ने बताया कि समिति का यह 13वां सफल रक्तदान शिविर था। देहरादून में रविवार को जयकारों की गूंज के साथ श्री झंडे जी का आरोहण किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने महाराज श्री देवेंद्र दास का आर्शीवाद भी लिया। रविवार सुबह आठ बजे महराज श्री देवेंद्र दास की अगुवाई में श्री झड़े जी को नीचे उतारा गया था। इसके बाद श्री झंडे जी की पूजा अर्चना हुई और श्री झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की गई। शाम 4 बजकर 12 मिनट पर झंडे जी का आरोहण पूर्ण हुआ। आरोहण के दौरान हजारों की संख्या में देश-विदेश से आई संगत और दूनवासियों ने झंडे जी के सामने श्रद्धा के साथ शीश नवाए और हाथ जोड़े हुए खड़े रहे। हर कोई झंडा जी के समक्ष मत्था टेकने के लिए बेताब दिखा।झंडे जी पर शीश नवाने के लिए देश-विदेश से संगतें पहुंची थी। उत्तराखंड के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश सहित विदेशों से आई संगतें झंडे जी आरोहण की साक्षी बनी। श्री दरबार साहिब में श्रद्धालु भजन-कीर्तन के साथ ही गुरु महिमा का गुणगान करते रहे। श्रद्धालुओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया।झंडे जी आरोहण का लाइव आकर्षण देखने के लिए श्री दरबार साहिब मेला समिति की ओर से इस बार एलईडी स्क्रीनों की व्यवस्था की गई थी। दरबार साहिब परिसर के अंदर स्क्रीन लगाई गई थी। इसके अलावा यूट्यूब व फेसबुक पेज पर भी मेले का लाइव प्रसारण प्रसारित हुआ। दरबार साहिब व झंडे जी के सामने का पूरा हिस्सा संगतों से पूरी तरह भरा रहा। श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब स्थित पवित्र सरोवर में डुबकी लगाई। सुबह से ही श्रद्धालु यहां स्नान कर रहे थे। दोपहर बाद सरोवर के चारों तरफ संगतों के जुटने से यहां का नजारा भी दर्शनीय लगने लगा। साथ ही बच्चों ने भी सरोवर के स्नान का आनन्द उठाया। बता दें कि पंजाब में जन्मे गुरु राम राय महाराज के जन्म उत्सव के तौर पर शुरू हुआ यह मेला आज भारत ही नहीं बल्कि एशिया के बड़े मेलों में शुमार है। कहा जाता है कि गुरु रामराय महाराज ने यहां डेरा डाला था।

# एमबीबीएस छात्रा ने होटल के कमरे में किया सुसाईड

ऋषिकेश(उद ब्यूरो)।यूपी में एमबीबीएस कर रही छत्तीसगढ़ निवासी एक छात्रा ने यहां तपोवन स्थित एक होटल में हाथ की नसें काटने के साथ ही पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्रा की हाथ की नस कटी मिली है। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें मौत के लिए किसी अन्य का दोष न होने की बात लिखी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तपोवन स्थित एक होटल से सूचना मिली कि 10 मार्च को छत्तीसगढ़ के खर्सिया रायगढ़ निवासी 21 वर्षीय रोली वैष्णव पुत्री शिवशंकर ने कमरा बुक किया था, लेकिन शनिवार शाम के बाद से उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला है और दरवाजा खटखटाने पर कमरे से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। सूचना पाते ही पुलिस होटल पहुंची। बलपूर्वक कमरे का दरवाजा खोलकर देखा, तो कमरे में उन्हें रोली वैष्णवी का शव पंखे से लटका मिला। साथ ही हाथ की नस भी पुलिस को कटी मिली। कमरे की तलाशी में पुलिस को बाथरूम से खून में सना एक ब्लेड भी मिला। मौके से पुलिस को रजिस्टर भी मिला। इसमें लिखा था कि उसकी मौत में किसी का दोष नहीं है। वह सब कुछ अपनी इच्छा से कर रही है। शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बारे में रोली के परिजनों को भी पुलिस ने सूचित किया है। रोली बरेली के राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी। प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या लग रहा है। हकीकत जानने के लिए परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

# गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग

## गौमाता और मां गंगा से ही विश्व का कल्याण: गोपाल मणि

सितारगंज(उद संवाददाता)। गौमाता के परम भक्त धेनू मानस गौकथा के द्वारा गायों का वृतान्त वर्णन करने वाले परम संत गोपाल मणि महाराज जी भ्रमण के दौरान श्रीकृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला में गौभक्तों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि गौमाता के आशीर्वाद से ही सृष्टि की दिनचर्या चल रही है, विश्व में गाबो विश्वसनीय माता के नाम से गाय माता को जाना जाता है। हमारी पहचान हमारी संस्कृति की पहचान ही गाय माता है, वेद की माता गायत्री है और गायत्री में गाय और त्री यानि कि चार पैरों वाली गाय माता ही है श्रीकृष्ण भी दसमककंध में नंगे पैर गाय के पीछे खडेघ्हैं भारत देश गाय और गंगा की वजह से ही धन्य धान्य है भारत देश इसलिए जीवित है क्योंकि यहां की संस्कृति विश्व की सबसे पुरातन संस्कृति है,यहां गाय माता और मां गंगा जैसी महान शक्ति धर्म



की रक्षार्थ हेतु हरपल हमारी रक्षा करती हैं। उन्होने बताया कि नवम्बार में गोपाष्टमी के अवसर पर दिल्ली में महासंगम होगा जिसमें केन्द्र सरकार से गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने के लिए पूरे देश से गौभक्तों का भव्य समागम होगा। गौधाम परिवार ने संत शिरोमणि गोपाल मणि जी महाराज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संरक्षक सुरेश सिंघल,सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष शीतल सिंघल, महामंत्री महेश मित्तल,कोषाध्यक्ष भीमसेन गर्ग, हुक्मचन्द मौरिजावाला, अनिरुद्ध राय,लक्ष्मण अग्रवाल, आशीष पाण्डेय,पवन मित्तल, पवन जैन, गोविन्द अग्रवाल,के बी अग्रवाल, उमेश अग्रवाल,मदन गोयल,नरेश कंसल,राजेश शैली,अंकुर अग्रवाल, जगन अग्रवाल,मनीष मित्तल, सुरेश जोशी,गौरव जिन्दल,विपिन डालमिया, अनिल गर्ग,सुनील गर्ग, विशाल मित्तल, राजकुमार सिंघल, रमेश गोयल, कृष्ण कुमार गर्ग,संजय गोयल,मुकेश गर्ग, राजाराम सिंघल, राजीव गोयल, सुमन राय,संगीता मित्तल,शिवानी मित्तल, राजरानी गर्ग,पूनम अग्रवाल, अंजना सिंघल,सुनीता गोयल,बीना मित्तल रेनू गर्ग आदि मौजूद रहे।






# भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर बुध बाजार में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा सहभागिता करते हुए रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ श्री सनातन धर्म मंदिर के पंडित विजय कुमार शास्त्री एवं गुरुद्वारा सिंह सभा के ग्रंथी भाई राजेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर करवाया गया इस दौरान गुंजन सुखीजा ने कहा कि उन्होंने देश सेवा एवं समाज सेवा के लिए आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर के आयोजन पर कार्यकर्ताओं एवं रक्तदाताओं का धन्यवाद किया उन्होंने कहा, हर व्यक्ति को दो-तीन महीने में एक बार रक्तदान करके अपना योगदान प्रदान करना चाहिए स इस मौके पर काशीपुर के श्री कृष्णा हॉस्पिटल के डॉवमयंक अग्रवाल ,प्रदीप चौधरी, गिरीश कुमार, उमेश कुमार ,स्टाफ नर्स निशा, आरती एवं सोनी द्वारा रक्त दाताओं का बीपी आदि चेक कर के रक्तदान करवाया गया रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़ों के बीच गुंजन सुखीजा को शुभकामनाएं



और उपहार देने के साथ केक काटा गया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर सुखीजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,विनोद भुसरी, विजय सुखीजा, नरेंद्र सिंह ग्रोवर,नैब सिंह धालीवाल, प्रमोद गगनेजा ,प्रमोद बजाज, संजीव अनेजा ,सुभाष गुंबर ,स्वदेश डंग, रविंद्रवीर सिंह, परमजीत सिंह ,भोला शर्मा, गौरव मदान, अमित नारंग ,चिंतन अरोरा, डॉवविनीत अरोरा, सोनू विश्वास, लवली हुड़िया, निपुण गगनेजा ,हैप्पी चंद्रा,सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर मिनी ,राजकुमार भुड्डी, नरेश हुड़िया, सतीश छाबड़ा, रमन छाबड़ा, मयंक सपरा ,राजकुमार सिंधी ,सुभाष खुराना ,अशोक छाबड़ा ,प्रेम सचदेवा ,राजेश डाबर, मनोज डाबर,जोगा सिंह, अजैब सिंह धालीवाल, ओमप्रकाश गरीबदास, अशोक छाबड़ा ,सतीश चुघ,अशोक हुड़िया, अनिल जेटली, कृष्ण सुधा, कपिल गंडा, अभिषेक गुंबर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा जोशी, नगर अध्यक्ष ज्योतिराज, पूनम ग्रोवर, कुलवीरी चौधरी, मानसी शर्मा, ज्योति शर्मा, गीता अनेजा ,लक्ष्मी चौहान, रेखा गुप्ता ,नगर पंचायत दिनेशपुर की अध्यक्ष सीमा सरकार, रेनू ,चंद्रिका फोगाट, पूजा जिंदल,कविता नेगी, दीपा चौहान ,प्रमिला सक्सेना सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।




वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

# लापता इंजीनियर का नहर में मिला शव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली के दिन से लापता दमुआढूंगा निवासी इंजिनियर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरसाती नहर मे मिलने से हड़कंप मचा गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मौके पर मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी ली और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि शव नहर के अंदर गंदगी में सड़ी गली हालत में पड़ा था। मृतक की शिनाख्त विवेक कुमार निवासी दमुवाढूंगा थाना काठगोदाम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक विवेक कुमार इंजीनियर था और रुद्रपुर में अपनी पत्नी सरिता व दो पुत्रियों काव्य तथा तमन्ना के साथ रहता था। पिछले एक साल से बेरोजगार होने की वजह से मानसिक तनाव में था। विवेक कुमार सिडकुल पंतनगर में एक फैक्ट्री में इंजीनियर के पद पर काम भी कर चुका है। होली में वह अपने परिवार के साथ काठगोदाम दमुवाढूंगा अपने माता पिता के घर आया हुआ था और होली के दिन से लापता था। जहां परिवार वाले उसकी तलाश में जुटे हुए थे। युवक के शव मिलने से उसके परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हल्द्वानी में मिले इन्फ्लूएंजा के दो मरीज

हल्द्वनी। उत तराखंड में सीजनल इन्फ्लूएंजा के मामले लगातार आ रहे हैं। अधिकांश मरीज ओपीडी में परामर्श लेने के बाद घर पर ही उपचार कर रहे हैं। वहीं उत्तराखंड के हल्द्वानी में राजकीय मेडिकल कालेज की वायरोलाजी लैब में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के दो मामले सामने आए हैं। इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दे दी गई है। वायरोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश का कहना है कि सैंपल आ रहे हैं, लेकिन सात मार्च को दो मरीजों की जांच में एच3एन3 इन्फ्लूएंजा के भी आए थे। वहीं राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. अरुण जोशी ने बताया कि अधिकांश मरीज ओपीडी में इलाज करवा रहे हैं। बहुत जरूरी होने पर भर्ती किया जा रहा है। वहीं, निजी अस्पतालों में भी प्रतिदिन 50 से अधिक बुखार के मरीज उपचार को पहुंच रहे हैं। सीएमओ डा. भागीरथी जोशी ने बताया कि सभी अस्पतालों में दवाइयां उपलब्ध हैं। मेडिकल कालेज में जांच की भी सुविधा है। अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर लगातार लगातार मानटिरिंग भी की जाएगी। इस बीमारी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं एच1एन1 व एच3एन2 से बचाव के लिए सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। अस्पतालों में जरूरत के अनुसार बेड आरक्षित करने के साथ-साथ जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य महानिदेशक डा. विनीता शाह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि चिकित्सालय स्तर पर इंफ्लूएंजा /एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन की सघन निगरानी की जाए। ताकि शुरुआती चरण मे ही मामले चिन्हित कर इंफ्लुएंजा को प्रसारित होने से रोका जा सके। साथ ही प्रत्येक रोगी की सूचना अनिवार्य रूप से आइडीएसपी के अंतर्गत हेल्थ इंफोर्मेशन पोर्टल पर डालने को भी कहा है। जिलों को सीजनल इंफ्लुएंजा के नियंत्रण एवं उपचार के लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन (इंफ्लुएंजा रोगियों के वर्गीकरण, क्लीनिकल मैनेजमेंट प्रोटोकाल, होम केयर, सैपलिंग)का पालन करने को कहा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा है कि जिला, बेस एवं संयुक्त चिकित्सालयों में सीजनल इंफ्लुएंजा के मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त आइसोलेशन बेड, वार्ड, आइसीयू, वेंटिलेटर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखें।किसी फिजीशियन/ चिकित्सक को आइसोलेशन वार्ड का नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनका नाम, मोबाइल नंबर व आइसोलेशन बेड की जानकारी स्वास्थ्य महानिदेशालय को उपलब्ध कराएं। इसके अलावा आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। सीजनल इंफ्लुएंजा प्रबंधन के अन्तर्गत समय से रोगी की पहचान, त्वरित उपचार व मरीज की गंभीर हालत में समय से रेफरल की व्यवस्था की जाए। इसे लेकर आम जन को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जाए, ताकि किसी भी तरह की भ्रांति न रहे। इसके अलावा संदिग्ध मृत्यु की समीक्षा के लिए आडिट कमेटी का गठन व डेथ आडिट रिपोर्ट तीन दिन में राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# वयोवृद्ध कांगेसी नेता एवं पूर्व ग्राम प्रधान का इंतकाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर विकासखंड के निकटवर्ती ग्राम सरोवर नगर निवासी वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रधान मोहम्मद रशीद का निधन हो गया। वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता एवं पूर्व ग्राम प्रधान पिछले काफी लंबे समय से



बीमार चल रहे थे जिसके बाद रविवार को प्रात: 10 अपने आवास पर ही उनका निधन हो गया। निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मोहम्मद रशीद अपने समय में एक अच्छे नज्म कार थे उनके हाथों की लिखी नज्में आज भी उनकी डायरी में कैद है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मोहम्मद रशीद के घर आना जाना था उस समय कार्यक्रम के दौरान मंच पर नेताओं के बीच अपने हाथ की लिखी नज्में सुना कर लोगों को मोहित कर लिया करते थे। उन्होंने अपने ग्राम में लगभग 15 वर्षों तक लगातार प्रधानी की है। इस दौरान उन्होंने अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के बरेली नगर,सरोवर नगर, कुशालपुर,निवासियों को अच्छी शिक्षा हेतु विद्यालय प्रदान किए। इसके अलावा भी विकास के अनेकों कार्य किए जिनको गली मोहल्ले में जनता आज भी याद कर रही है और अब उनके इंतकाल के बाद भी लोग उन्हें याद करेंगे।

# चोरी की बाईक सहित दो वाहन चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने बीते दिनों केमू स्टेशन के पास से चोरी हुई बाईक सहित दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह निवासी अल्मोड़ा द्वारा कोतवाली में 11 मार्च को रपट दर्ज कराई गई कि 3 मार्च को अज्ञात चोरों के द्वारा पटेल पार्क के बाहर कैमू स्टेशन के पास उसकी खड़ी मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 पी 2912 अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले के खुलासे के लिए हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया गया। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने



वाले दो शातिर मोटरसाइकिल चोर अंकित मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी ग्राम भोजपुर थाना कटरा जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश व आदित्य उर्फ शुभम पुत्र महेश चंद्र निवासी विजय नगर गाजियाबाद को चुराई गई मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 पी 2912 सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव, का. संतोष बिष्ट व अरुण राणा शामिल थे।

# एनयूजे-आई की रुद्रपुर कार्यकारिणी का गठन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एनयूजे-आई के प्रदेश अध्यक्ष संजय तलवार व कुमायूँ अध्यक्ष दिनेश जोशी की सहमति पर के एनयूजे-आई ऊधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने एक बैठक का आयोजन कर रुद्रपुर नगर इकाई का गठन किया। जिसमे महेंद्र पोपली को अध्यक्ष, अमन सिंह को महामंत्री, नरेन्द्र राठौर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व गोपाल भारती को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। उसके उपरांत जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव व मौजूद सभी पत्रकारों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी। जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे पूर्ण आशा है कि नवनियुक्त नगर इकाई अध्यक्ष महेंद्र पोपली के नेतृत्व में



रुद्रपुर इकाई द्वारा समाज हित के कार्य किये जायेंगे और एनयूजेआई संगठन समाज के लिए एक आदर्श संगठन के रूप में प्रस्तुत होगा। इस मौके पर मोहन राजपूत, सुनील श्रीवास्तव, सौरव गंगवार, दुर्गेश तिवारी, नरेश कुमार, महेंद्र पाल मौर्या, गोपाल शर्मा, संजय भटनागर, गोपाल सिंह गौतम, अर्जुन कुमार, सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाएं हर बूथ तक पहुंचाने का लक्ष्य

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा बूथ सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बूथ सशक्तीकरण पर चर्चा की गई। सरकार की योजनाएं प्रत्येक बूथ तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।पार्टी कार्यालय मंडलसेरा में रविवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने की। उन्होंने बूथ रचना आदि पर चर्चा की। विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को रखा। संसद में मातृशक्ति के सम्मान और 75वें अमृतकाल पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के नकल विरोधी अभियान पर आभार व्यक्त किया। गोविंद सिंह टंगड़िया ने प्रत्येक मंडल में विस्तारक योजना और उनके कार्य बताए। जिलाप्रभारी वीरेंद्र बल्दिया ने सभी पदाधिकारियों का वृत्त लिया। दिए गए बूथ सशक्तीकरण पर चर्चा की। जिसमें बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक मंडल, अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ टोली का वृत्त लेकर सरकार के कार्यों को बूथ लेबल तक पहुंचाने और विस्तार करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन



महामंत्री संजय परिहार और घनश्याम जोशी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रदेश किसान मंत्री राजेंद्र परिहार, ब्लाक प्रमुख पुष्पा देवी, हेमा बिष्ट, मथुरा प्रसाद, जीवंती कांडपाल, खड़क टंगड़िया, दीपा आर्या,खड़क दफौटी, आदर्श कठायत, उमा बिष्ट, दयाल कांडपाल, रवि करायत, आशा फुलारा, रमेश तिवारी, नंदन नेगी, हेमा रौतेला, प्रकाश साह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की सरकार व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली: गावा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने भाजपा सरकार पर जी-20 सम्मेलन की आड़ में रूद्रपुर के व्यापारियों को उजाड़े जाने का आरोप लगाते हुए इसकी कड़ी निन्दा की है। गावा ने मामले को लेकर आज नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से भी दूरभाष पर बात की और मामले को विधानसभा सदन में उठाने का आग्रह किया। जिस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर आज शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की जायेगी और व्यापारियों को उजाड़ने से बचाने के लिए कांग्रेस पूरी ताकत लगायेगी। वहीं मीडिया को जारी बयान में श्री गावा ने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली है। कभी नोट बंदी कभी जीएसटी तो कभी दूसरे नियम कानून बनाकर व्यापारियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। नोटबंदी और कोरोना के कहर से व्यापारी उबर नहीं पा रहे थे अब रूद्रपुर में जी-20 के नाम पर व्यापारियों को उजाड़ा जा रहा है। जो व्यापारी पिछले चालीस वर्षों से रोडवेज के पास अपना कारोबार करके भरण पोषण कर रहे हैं उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर उनका रोजगार छीना जा रहा है। भाजपा सरकार में व्यापारियों पर ऐसे जुल्म कई बार हुए हैं। श्री गावा ने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों की दुश्मन साबित हो रही है। इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपनी ही सरकार के खिलाफ मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। श्री गावा ने कहा कि सरकार अगर चाहती तो जी-20 सम्मेलन के लिए व्यापारियों को उजाडने के बजाय बीच का रास्ता निकाल सकती थी। कुछ दिन हाईवे की दुकानों को बंद रखकर भी काम चलाया जा सकता था। सरकार की मंशा ठीक होती तो अतिक्रमण हटाने से पहले व्यापारियों को दूसरी जगह बसाया जा सकता था ताकि उनकी रोजी रोटी चल सके। लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। व्यापारियों का वोट लेकर विधानसभा चुनाव जीतने वाले विधायक भी अब व्यापारियों को सिर्फ आश्वासन का झुनझुना थमा रहे हैं। कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी व्यापारियों के साथ खड़ी है। व्यापारियों को न्याय दिलाने लिए व्यापक आंदोलन चलाया जायेगा। श्री गावा ने सरकार से प्रभावित व्यापारियों को उजाड़े जाने से पहले पर्याप्त मुआवजा और अन्यत्र बसाये जाने की मांग की है।

# भराड़ीसैंण पहुंची धामी सरकार, विपक्ष के तेवर तल्ख

## बजट सत्र शांति और सुचारू रूप से चलेगा : स्पीकर
## पूरे होमवर्क के साथ सदन में जाएं मंत्री : मुख्यमंत्री





भराड़ीसैंण/देहरादून(उद संवाददाता)। सोमवार 13 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा बजट सत्र में प्रतिभाग करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार दोपहर को गैरसैंण के भराड़ीसैंण पहुंचे। यहां मातृ शक्ति ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने भराड़ीसैंण विधानसभा में हवन पूजन कर प्रदेश वासियों की सुख शांति की कामना की। इससे पूर्व राज्यपाल गुरमीत सिंह भी भराड़ीसैण पहुंचे और वहां स्वयंसवियों द्वारा तैयर किये गये स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद चखा। वहीं सर्वदलीय बैठक में स्पीकर ने बजट सत्र की रूपरेखा पर चर्चा की। स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि बजट सत्र शांति और सुचारू रूप से चलेगा जिससे प्रदेश का विकास होगा। विधानसभा के सोमवार से प्रारंभ होने वाले बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले संभावित विषयों को लेकर सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में यहां मुख्यमंत्री आवास में रविवार देर शाम हुई भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में सभी मंत्री, विधायकों को निर्देश दिए गए कि वे पूरा होमवर्क कर सदन में जाएं। साथ ही विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले विषयों का तथ्यों और तर्कों के साथ जवाब देने के लिए सारगर्भित ढंग से अपनी बात रखने को कहा गया। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में सत्र को लेकर रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। मंत्रियों से कहा गया कि वे सदन में उठने वाले किसी भी विषय का तथ्यों व तर्कों के साथ सदस्यों को संतुष्ट करने वाला जवाब दें। साथ ही विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले संभावित विषयों को लेकर भी रणनीति तय की गई।बैठक में सरकार का एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 से 25 मार्च तक होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भी चर्चा की गई। बताया गया कि सभी मंत्री, विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में इन तीन दिनों में आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करेंगे।इस दौरान सरकार की उपलब्धियों और सभी प्रमुख निर्णयों को आमजन के साथ साझा किया जाएगा। इसके अलावा कैंट बोर्ड के चुनावों को लेकर भी विमर्श किया गया। इस कड़ी में पार्टी द्वारा आयोजित रैलियों में विधायकों की भागीदारी पर जोर दिया गया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा के सत्र की अवधि बिजनेस के हिसाब से तय होती है। गैरसैंण में 13 मार्च से प्रारंभ होने वाले बजट सत्र के लिए अभी जितनी अवधि का निर्धारण हुआ है, उसमें इसे समेटेंगे। यदि आवश्यकता पड़ी तो सत्र की अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने विपक्ष की ओर से सत्र की अवधि कम होने को मुद्दा बनाने से संबंधित प्रश्न के उत्तर में यह बात कही।वर्ष 2023-24 के बजट को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हम राज्य के सर्वांगीण विकास की बात कर रहे हैं। बजट में हर वर्ग, हर क्षेत्र के हितों का ध्यान रखा जाएगा। रोजगार, महिला, युवा, कृषि, पर्यटन समेत सभी विषय इसमें समाहित होंगे।उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। इसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। राज्य के पास जितने संसाधन हैं, उसके अंतर्गत बेहतर करने का सरकार प्रयास कर रही है।वित्त मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य के बजट को लेकर प्रदेशवासियों से सुझाव लिए गए थे। बड़ी संख्या में सरकार को सुझाव मिले। जनता के महत्वपूर्ण सुझावों को बजट का हिस्सा बनाया गया है।कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड को जी-20 के तीन कार्यक्रम मिलना राज्य के लिए गौरव की बात है। इससे विश्व के लोग देवभूमि की संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जी-20 के कार्यक्रमों के लिए भी बजट में प्रविधान किए जा रहे हैं।

## दो साल बाद सत्र का आयोजन, धारा 144 लागू

देहरादून। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा के 13 मार्च से प्रारंभ होने वाले बजट सत्र के मद्देनजर विधानसभा सचिवालय के कार्मिकों ने वहां डेरा डाल लिया है। इधर गैरसैण में विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर भी पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने भराड़ीसैण विधानसभा परिसर के आसपास धारा 144 लागू करने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में पिछला सत्र मार्च 2021 में हुआ था। इसके बाद कोरोना महामारी , चारधाम यात्रा समेत अन्य कारणों से वहां सत्र का आयोजन नहीं हो पाया था। हांलाकि विपक्ष ने इस विषय को मुद्दा भी बनाया था। कांग्रेस नेताओं के साथ ही पूर्व सीएम हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर गैरसैण की अनदेखी करने का भी आरोप लगाकर सरकार को चेताया था। वहीं धामी सरकार ने देहरादून में हुए विधानसभा के पिछले सत्र में घोषणा की थी कि बजट सत्र गैरसैंण में होगा। सरकार ने इसके लिए 13 से 18 मार्च की अवधि तय की है। बजट सत्र के लिए तिथि तय होने के बाद से विधानसभा सचिवालय गैरसैंण में सत्र की तैयारियों में जुट गया था। इस कड़ी में विधानसभा के सभामंडप में साउंड सिस्टम को दुरुस्त कराने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस बीच विधानसभा के प्रभारी सचिव हेम पंत समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी शनिवार को गैरसैंण पहुंच गए। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि सत्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# सदन के भीतर भाजपा सरकार के जनविरोधी चेहरे को सामने रखेगी कांग्रेस : यशपाल आर्य

## भराड़ीसैंण में नेता प्रतिपक्ष की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक



गैरसैण(उद संवाददाता)। गैरसैंण के भराड़ीसैंण में सोमवार से प्रारंभ हो रहे बजट सत्र के दौरान के दौरान उत्तराखंड में बेरोजगारों और युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ और लगातार भर्तियों में धांधली व परीक्षाओं के पेपर लीक की सीबीआई जांच सहित जोशीमठ आपदा प्रभावितों को मुआवजा, सर्किल रेट में भारी वृद्धि , बढ़ती महंगाई व राज्य के तमाम मुद्दों को लेकर कांग्रेस के तेवर तीखे रहेंगे। प्रमुख प्रतिपक्षी दल ने भाजपा की पुष्कर सिंह धामी सरकार को सड़क से लेकर सदन तक घेरने की तैयारी की है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी कार्यकर्त्ता सत्र के पहले ही दिन सोमवार को गैरसैंण में शक्ति प्रदर्शन के लिए कमर कस चुके हैं। वहीं रविवार को कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक में सरकार पर प्रहार की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस सदन के भीतर सरकार के जनविरोधी चेहरे को सामने रखेगी। सोमवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक दोबारा होगी। प्रदेश की सत्ता पर दूसरी बार काबिज हुई धामी सरकार को जनहित के मुद्दों पर घेरने का कोई भी अवसर कांग्रेस हाथ से जाने नहीं दे रही है। वनंतरा रिसार्ट में महिला कर्मचारी की हत्या का प्रकरण अब ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में भी गूंजेगा। प्रदेश सरकार अपने एक साल के पिछले कार्यकाल में गैरसैंण में विधानसभा सत्र आहूत नहीं कर पाई। चालू नए वर्ष के नए सत्र की शुरुआत गैरसैंण से हो रही है। भाजपा सरकार के इस दांव के पलटवार के लिए कांग्रेस ने भी मुद्दों को नई धार दी है। सत्र के पहले दिन सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पार्टी कार्यकर्त्ता सरकार के विरुद्ध सड़क पर मोर्चा खोलेंगे। माना जा रहा है कि बजट सत्र में आगामी अक्टूबर-नवंबर माह में होने वाले नगर निकाय चुनाव और फिर अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर धामी सरकार का नया एजेंडा झलकेगा। कांग्रेस इसे ध्यान में रखकर जवाब देने में जुटी है। पिछले एक वर्ष में जिन मुद्दों ने सरकार की पेशानी पर बल डाले हैं, कांग्रेस उन्हें लेकर सड़क से सदन तक हमलावर रहेगी। भराड़ीसैंण में रविवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक में मुद्दों की सूची तैयार की गई। पार्टी भर्ती घोटाले की हाईकोर्ट के सिटिंग जज की देखरेख में सीबीआइ जांच की मांग को प्रमुखता से उठाएगी। आंदोलनकारी युवाओं पर हुए लाठीचार्ज और इसकी जांच रिपोर्ट को भी बजट सत्र के दौरान मुद्दा बनाया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों को समुचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। कर्णप्रयाग, धारचूला, मुनस्यारी के आपदा प्रभावितों के मामलों में भी सरकार का यही रुख है। उनके पुनर्वास की अनदेखी की जा रही है। विकास प्राधिकरण ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के नए केंद्र बन गए हैं। गरीब आदमी के लिए घर बनाना दूभर हो गया है। सर्किल रेट में जिसतरह बेतहाशा वृद्धि की गई है, उससे जनता में असंतोष है। महंगाई की मार से पहले से ही त्रस्त जनता को राहत देने के स्थान पर और परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी ताकि प्रदेश की जनता के सामने सरकार की मंशा स्पष्ट की जाएगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक में कुल 19 में से मात्र 12 विधायक ही पहुंच सके। विधायक मयूख महर और तिलकराज बेहड़ का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। विधायक मदन बिष्ट पारिवारिक कार्यक्रम के चलते एक-दो दिन बाद बजट सत्र में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि कई विधायक अभी रास्ते में हैं। कुछ विधायक रविवार रात्रि भराड़ीसैंण पहुंचे हैं। बैठक में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, सुमीत ह्दयेश, आदेश चौहान, विरेंद्र जाति, अनुपमा रावत, रवि बहादुर, खुशाल सिंह अधिकारी, मनोज तिवारी, हरीश धामी, गोपाल राणा और विक्रम सिंह नेगी मौजूद रहे।

# गैरसैंगण में कांग्रेस नेताओं से मिली मीना शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर से विधायक पद की प्रत्याशी रही श्रीमती मीना शर्मा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा के आवाहन पर विधानसभा घेराव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गैरसैण पहुंची जहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण मेहरा सहित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने रुद्रपुर में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा सोनिया होटल से छतरपुर मोड़ तक लघु व्यापारियों को उजाडे जाने का मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के सम्मुख रखा। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण मेहरा से इस मामले में हस्तक्षेप करने और लघु व्यापारियों को उजाडे जाने से रोकने के लिए मुख्यमंत्री उत्तराखंड से बात करने का अनुरोध किया स इधर श्री करण मेहरा ने श्रीमती शर्मा को आश्वस्त किया कि वह इस मामले में उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# फुटबाल टूर्नामेंट में रूद्रपुर स्टेडियम की टीम रही चैंपियन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्रामसभा सुरेंद्रनगर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रुद्रपुर स्टेडियम की टीम ने जीत हासिल की। बाबा तराक नाथ धाम पूजा कमेटी के देखरेख में सुभाष युवा क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को सुरेंद्रनगर और रुद्रपुर स्टेडियम के टीम के मध्य खेला गया। रुद्रपुर स्टेडियम की ओर से पहले हाफ के 11 मिनट पर योगेश ने कलात्मक तरीके से पहला गोल दागकर अपने टीम को बढ़त दिलायी। एक गोल के बाद सुरेंदरनगर की टीम भी लगातार गोल करने के कोशिश में जुटी रही। मैच रोमांचक होते जा रहा था। देखते ही देखते रुद्रपुर टीम की ओर से पुनः योगेश ने दूसरा गोल कर टीम को 2-0 से जीत की ओर बढ़ाया। सुर्रेदरनगर की टीम गोल करने की लगातार कोशिश करती रही। मैच के अंतिम समय में पेनल्टी शूट का लाभ उठाकर सुरेंदरनगर के टीम के के.पी ने एक गोल दागकर टीम को जीत



की उम्मीद जगायी। रेफरी अखिलेश मण्डल ने खेल के निर्धारित समय समाप्त होने की घोषणा कर रुद्रपुर स्टेडियम की टीम को विजयी घोषित कर दिया। रुद्रपुर स्टेडियम के योगेश ने अपने सभी मैचों में टोटल 5 गोल कर मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सहित गोल्डन वूट को भी अपने नाम करवाया। बेस्ट गोल कीपर का खिताब उपविजेता सुरेंदरनगर टीम के तरुण को मिला। मैच में स्कोरर समीर साना,सुजीत बिश्वास,दीपेन सेन उदघोषक पंकज रॉय, सुनील लाइनमेंन धीरज व मनोज रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि निर्मल सरकार, माखन,तारक नाथ पूजा कमेटी के संजीत बिश्वास, परेश मण्डल, सुख संतोष, सुमित मण्डल, राजा हालदार, शम्भू साना,देवू मण्डल, किशोर रॉय, विश्वजीत हालदार, दीपक बड़ाल, रविन्द्र अग्रवाल,रवि मजुमदार, सव्यसांची हालदार,देवशीष पोद्दार, गोविंद सरकार गोविंद पोखरिया, राजेश मण्डल, रंजीत हालदार,गणेश सरकार आदि लोग मौजुद थे।






# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में निकली ध्वज यात्रा







गदरपुर(उद संवाददाता)। बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में विश्व हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा नगर में विशाल ध्वज यात्रा निकाली गयी। जिसमें नगर व विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से हिन्दु संगठनों से जुड़ लोगो ने भाग लिया। ध्वज यात्रा से पूर्व राजकीय इण्टर कालेज परिसर में विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किये जाने एवं हिन्दु समाज को संगठित होने का आह्वान किया गया। रविवार को राजकीय इण्टर कालेज में वागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के



समर्थन में एक विशाल सभा हरबंस लाल छाबड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। सभा का शुभारम्भ वरिष्ठ प्रचारक स्नेह पाल, पूर्व सांसद बलराज पासी, सोमानंद महाराज योगी सेना गुजरात प्रभारी द्वारा संयुक्त रुप से श्री राम जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरान्त सोमानंद महाराज,पूर्व सांसद बलराज पासी, वरिष्ठ प्रचारक स्नेह पाल एवं क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय द्वारा अपने संबोधन में हिन्दु समाज को एकजुट होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष गुप्ता, राजेन्द्र कुमार ने किया। इसके उपरान्त राजकीय इण्टर कालेज से ध्वज यात्रा निकाली गयी जो नगर के मुख्य बाजार से होते हुए बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म पहुंचकर समाप्त हुई। मंदिर पहुंचने पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष वेद बजाज के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर राजेश गुम्बर,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, अभिषेक गुम्बर,राकेश भुड्डी बंटी,सुबोध शर्मा, रामप्रसाद ध्यानी, योगी सेना के नगर अध्यक्ष हैप्पी चन्द्रा, अनादि रंजन, विक्रम सरकार, बादल ग्रोवर, नरेश कुमार हुडिघ्या, तरुण दूबे, अंशु श्रीवास्तव संयोजक बजरंग दल, सुनील रस्तोगी, किशोर राठौर, लेखराज नागपाल, कृष्ण लाल बत्रा, संजय शर्मा, मनीष यादव, राधेश शर्मा, अजीत पाल, रमेश कम्बोज, राजकुमार मिगलानी, अभिषेक वर्मा, पूनम ग्रोवर, वंशिका शर्मा, सोनी गुप्ता, सुदेश पारुथी, विमलेश गुप्ता, काजल सैनी, आनन्दी देवी, पूजा सैनी, रोशनी चावला, शीतल सैनी, कुलवीरी चौधरी, ज्योतिराज, नैना,चन्द्रिका फौगाट, रेनू बिष्ट, अनीता शाह, स्वीटी चावला, इंदू अनेजा, मुस्कान, राधारानी सहित काफी संख्या में विभिन्न हिन्दू संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे। वही सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए थानाध्यक्ष राजेश पांडेय के नेतृत्व में एसआई ओम प्रकाश, एसआई कुसुम रावत पुलिस टीम के साथ मुस्तैद थे।

# एनडीआरएफ को हराकर सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर सेमीफाइनल में पहुंचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में प्रथम सर्विसेस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का तेरवा मैच एनडीआरएफ और सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर के मध्य




मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर में खेला गया। एनडीआरएफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में मात्र 16 ओवर खेलते हुए 114 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें नरेश उपाध्याय ने 23 संजय खाती ने 21 ,कृष्णा 15 रनों का योगदान दिया। सीनियर क्रिकेटर रूपुर की तरफ से राजेंद्र, योगेश ने 3-3 और युवराज और राजेश ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य पीछा करने उतरी सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर की पूरी टीम 20 ओवर में 114 रनों पर ऑल आउट हो होकर मैच टाई हो गया। अंतिम ओवर में सीनियर क्रिकेटर को जीतने के लिए 1 विकेट पर 3 रन बनाने थे। एनडी आरएफ की शानदार गेंदबाजी के चलते मात्र 2 रन देकर अंतिम विकेट भी आउट कर दिया जिससे यह मैच टाई हो गया।इस रोमांचक मुकाबले में यह मैच सुपर ओवर में चला गया जिसमें सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर ने 1 ओवर में 14 रन बनाए जिसमें रियाज ने शानदार एवं एक चौका और एक छक्का लगाया। बाद में एनडीआरएफ की 8 रन ही बना सकी। और यह मैच का फैसला सुपर ओवर में सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर ने एनडीआरएफ को 6 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बेहतरीन खेल के लिए राजेंद्र सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटर जितेंद्र छाबड़ा द्वारा दिया गया। मैच के अंपायर सतेंद्र मिश्रा और तरुण आर्य ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। इस अवसर पर नूर आलम, गौरव तिवारी, इंद्रनील कर, मौर्य क्रिकेट एकेडमी के एमडी आनंद मौर्य , राजेंद्र सक्सेना , दीपक अरोरा,भूपेश दुमका, बलवंत सिंह उपस्थित रहे।

# एसएसपी इलेवन ने सीनियर क्रिकेटर काशीपुर को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में प्रथम सर्विसेज क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर मे एसएसपी इलेवन और सीनियर क्रिकेटर काशीपुर के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ। एसएसपी इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएसपी इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 185 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें कप्तान




सुरेंद्र बिष्ट ने 49 रन, कमल गोस्वामी 30, राजकुमार ने 27 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। काशीपुर क्रिकेटर की तरफ गुरमीत चीमा और अमनप्रीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीनियर क्रिकेटर्स काशीपुर की टीम ने शुरुआती 10 ओवरों में बिना विकेट खोए 115 रन बना लिए थे। जिसमें वसीम के शानदार 40 गेंदों पर 77 और गौरव शर्मा के 24 गेंदों पर 34 रन के बदौलत टीम ने शुरुआत बहुत अच्छी थी परंतु इनके विकेट गिरने के बाद पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। अंत में शेखर पाठक के शानदार 27 रनों की पारी खेल ने के बाद मैच रोमांचित में आ गया। सीनियर क्रिकेटर काशीपुर को जीतने के लिए अंतिम ओवर में 9 रन की आवश्यकता थी परंतु केवल 8 रन ही बन सके। और यह मैच एसएसपी इलेवन ने 1 रन से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसएसपी इलेवन के कप्तान सुरेंद्र बिष्ट को शानदार खेल के लिए पुरस्कृत किया गया।इस मैच के अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और तरूण आर्य ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। इस अवसर पर गौरव कुमार तिवारी, आफताब आलम ,बलवंत सिंह, इंद्रनील कर, जितेंद्र छाबड़ा ,राजेंद्र सक्सेना मौजूद रहे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला आरक्षण कानून

निस्संदेह सत्ता में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। मगर यह केवल सैद्धांतिक तौर पर एकजुटता जाहिर करने से नहीं होगा, खुद राजनीतिक दलों को इसे व्यवहार में उतारना होगा। एक बार फिर महिला आरक्षण कानून बनाने की मांग उठ रही है। करीब सत्ताईस साल से यह विधेयक लटका हुआ है। इसे लेकर प्राय: विपक्षी दल ही सक्रिय देखे जाते हैं। हालांकि कुछेक मौकों पर संसद में इसे पारित कराने की कोशिश की गई, मगर तब विपक्षी दलों की तरफ से ही कुछ ऐसे बिंदु रेखांकित कर दिए गए, जिन पर सहमति नहीं बन पाई और वह फिर ठंडे बस्ते के हवाले हो गया। इस बार इस मांग की अगुआई तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता कर रही हैं। उन्होंने इसे लेकर एक दिन की भूख हड़ताल भी की। उनके समर्थन में तमाम विपक्षी दल आए। यह अजीब संयोग है या फिर सोची-समझी रणनीति के तहत तय किया गया समय है कि जिस दिन प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया था, वही दिन उन्होंने भूख हड़ताल के लिए चुना था। प्रवर्तन निदेशालय ने उनसे पूछताछ का समय एक दिन आगे बढ़ा दिया। दरअसल, ऐसी हड़तालें और किसी मसले को लेकर किए जाने वाले आंदोलन अब नेताओं के लिए अपना चेहरा चमकाने का अवसर बनते गए हैं। के कविता ने भी इसे एक अवसर के रूप में चुना, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की मांग पुरानी है। इससे संबंधित विधेयक भी तैयार किया गया था, मगर उस पर आम सहमति न बन पाने की वजह से वह कानून का रूप नहीं ले सका है। हालांकि यह मामला इतना सीधा है भी नहीं। उसमें विभिन्न वर्गों और समुदायों आदि की महिलाओं को जगह दिलाना सबसे बड़ी चुनौती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि कहीं इस आरक्षण का लाभ केवल कुछ संपन्न और प्रभुत्वशाली तबके की महिलाएं ही न उठाती रहें। सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और समाज के हाशिये पर रह रही महिलाओं को शासन की मुख्यधारा से कैसे जोड़ा जाए, यह एक पेचीदा काम है। इसलिए यह सुझाव भी दिया गया है कि अगर राजनीतिक दल खुद नेतृत्व में महिलाओं को जगह देना शुरू कर दें, तो आरक्षण की दरकार ही नहीं रह जाएगी । मगर हकीकत यह है कि बेशक सैद्धांतिक रूप से सभी महिला आरक्षण की बात करते हैं, पर शायद ही कोई राजनीतिक दल है, जिसके नेतृत्व की अगली कतार में एक तिहाई महिलाएं हैं। कार्यकर्ता के रूप में भले महिलाएं दिख जाएं, पर दलों के अंदरूनी नेतृत्व में उन्हें अहम जिम्मेदारियां कम ही दी जाती हैं। यही हाल चुनाव जीतने के बाद मंत्री पद के बंटवारे में भी देखा जाता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के समय कांग्रेस ने पचास फीसद सीटों पर महिला उम्मीदवार उतारने का फार्मूला बनाया था, मगर चुनाव के बाद पार्टी नेतृत्व के स्तर पर वहां भी यह सिद्धांत लागू नहीं दिखाई देता। अपने ऊपर लगे अनियमितता के आरोपों से ध्यान भटकाने के मकसद से अगर के कविता ने यह मुद्दा एक बार फिर से उठाया और इस बहाने विपक्षी दलों को अपने साथ जोड़ने का प्रयास किया है, तो इससे उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। महिला आरक्षण को लेकर सभी दलों को व्यावहारिक रूप से सोचने की जरूरत है।

## भीड़ बढ़ने पर सैलानियों के वाहन रोके

नैनीताल। मार्च के दूसरे वीकेंड पर शनिवार को नैनीताल में सैलानियों का तांता लगा रहा। सुबह से शाम तक शहर में सैलानी पहुंचते रहे। इसके चलते पूरे दिन सड़कों पर जाम लगता रहा। वाहनों का ज्यादा दबाव होने पर नगर से पहले सैलानियों के वाहनों को रोकना पड़ा। धीरे-धीरे इन्हें नगर में भेजा गया। यातायात व्यवस्थित करने में पुलिस को पूरे दिन मशक्कत करनी पड़ी। होली के बाद नैनीताल में सैलानियों संख्या में इजाफा देखने को मिला। शनिवार को भी नैनीताल में हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे। पंतपार्क, चाट बाजार व मालरोड सैलानियों से पटे नजर आए। सैलानियों ने नैनीझील में नौकायन का लुत्फ उठाया। दिनभर सैलानियों की आवक से नगर की डीएसए व मेट्रोपॉल पार्किंग दोपहर में पैक हो गई थी। इसके बाद सूखाताल पार्किंग में भी लगभग 100 वाहन पार्क किए गए। उसके बाद भी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। दिनभर मालरोड, तल्लीताल, मस्जिद तिराहा व चीना बाबा चौराहे पर जाम लगता रहा। यातायात को व्यवस्थित करने में पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वाहनों का ज्यादा दबाव बढ़ने पर पुलिस ने वाहनों को रोक-रोककर शहर में भेजा। सीओ विभा दीक्षित ने बताया कि शहर में वाहनों का ज्यादा दबाव होने पर नगर से पहले हनुमान गढ़ी और पाइंस में वाहनों को रोका। इन्हें समयांतराल पर सीमित संख्या में शहर में भेजा गया। फिलहाल शटल सेवा चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। इधर जू वन क्षेत्राधिकारी अजय रावत ने बताया कि शनिवार को सैलानियों की अच्छी भीड़ रही। बताया कि जू में 996, वाटरफॉल में 735 व बॉटनीकल गार्डन में 242 सैलानी पहुंचे।

# संयुक्त राष्ट्र का विवाद नहीं रहा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने मंजूर किया कि उनका देश कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र के अजेंडे का मुख्य मुद्दा बनाने में नाकाम रहा है, इसके उलट भारत की कूटनीति पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करने में सक्षम रही है। बावजूद जरदारी ने कश्मीर के हालात की तुलना फिलिस्तीन से कर दी। संयुक्त राष्ट्र के एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह टिप्पणी की। याद रहे पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के हर मंच पर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। भले ही किसी भी अन्य अजेंडे पर चर्चा की जा रही है। बावजूद पाकिस्तान को इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र का व्यापक समर्थन कभी नहीं मिला। अधिकतर देश कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद मानते हैं। जरदारी ने स्वीकारा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से संयुक्त राष्ट्र का यह विवाद रह ही नहीं गया है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब इसे मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र मानता ही नहीं है। हालांकि पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से संबंधित अनुच्छेद-370 समाप्त करने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है, बावजूद भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से साफ कह दिया है कि अनुच्छेद-370 रद्द करना उसका आतंरिक मामला है। इसलिए इस मामले में कोई हस्तक्षेप बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि विभाजन की जिस अव्यावहारिक व अप्राकृतिक मांग के आगे नेहरू समेत हमारे तत्कालीन नेता जिस तरह से नतमस्तक होते चले गए, उससे न केवल जम्मू-कश्मीर, बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर, भारत, पाकिस्तान और बंग्लादेश को भी विभाजन का दर्द झेलना पड़ा है। जबकि विभाजन के समय ही यह साफ लगने लगा था कि यह अखंड भारत की विरासत को खंडित करने की अंग्रेजी हुकूमत की कुटिल चाल है। बावजूद कांग्रेस नेता यह नहीं समझ पाए कि जो शेख अब्दुल्ला 'मुस्लिम कांफ्रेंस का गठन कर कश्मीर की सामंती सत्ता से मुठभेड़ कर रहा है, उसे शह मिलती रही तो वह भस्मासुर भी बन सकता है ? 1931-32 में शेख की मुलाकात नेहरू तथा खान अब्दुल्ल गफ्फार खान से हुई। इन्हें सीमांत गांधी भी कहा जाता है। इस गुफ्तगू से शेख को इतनी ताकत और दृष्टि मिली कि शेख ने अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए 'मुस्लिम कांफ्रेंस' से मुस्लिम शब्द हटा दिया और 'नेशनल' जोड़ दिया। जिससे राष्ट्रीयता का भ्रम हो। इसी समय जिन्ना ने पृथकतावादी अभियान चला दिया। फिरंगी शासक तो चाहते भी यही थे कि भारत को आजादी धर्म के आधार पर बंटवारे की परिणिति में हो। आमतौर से ऐसा माना जाता है कि कश्मीर समस्या 1947 के बाद पनपी व विकसित हुई। जबकि वास्तव में इसकी शुरुआत जम्मू-कश्मीर के महाराजा गुलाब सिंह के दरबार में 'आंग्रेज रेजिमेंट' की नियुक्ति के साथ ही हो गई थी। किंतु अंग्रेज नाकाम रहे। इसी समय दुर्भाग्य से कश्मीर के गिलगिट क्षेत्र के राजा रणवीर सिंह का देहांत हो गया। अंग्रेजों ने शोक में डूबे राज-परिवार की इस कमजोरी को एक अवसर माना और सक्रियता बढ़ा दी। दरअसल अंग्रेजों ने 1885 में ही यह योजना बना ली थी कि किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर के दुर्गम व सुरक्षित क्षेत्र गिलगिट व बाल्टिस्तान पर कब्जा करना है। जिससे अमेरिका की सैन्य गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। अमेरिका इसे सोवियत संघ पर शिकंजा कसने की दृष्टि से उपयुक्त क्षेत्र मान रहा था। लिहाजा अंग्रेजों ने षड्यंत्र पूर्वक इस क्षेत्र को 'गिलगिट एजेंसी' नाम देकर 1889 में अपने कब्जे में ले लिया। इसके अधीनता में आते ही सिंधु नदी के पूर्व और रावी नदी के पश्चिमी तट तक समूचे पर्वतीय भू-भाग पर अंग्रेजों का नियंत्रण हो गया। इस समय गिलगिट में प्रताप सिंह राजा रणवीर सिंह के उत्तराधिकारी के रूप में शासक थे। प्रतापसिंह अंग्रेजों की साजिश का शिकार हो गए। गुलाब सिंह की मृत्यु के बाद हरिसिंह जब राजा बने तो 1925 में उनकी आंखें खुलीं और गिलगिट की साजिश को समझा। तब हरिसिंह ने हिम्मत व सख्ती से काम लेते हुए अपनी सेना गिलगिट भेजकर अंग्रेजी सेना को गिलगिट छोड़ने को विवश कर दिया और यूनियन जैक उतारकर कश्मीरी झंडा किले पर फहरा दिया। यह अप्रत्याशित घटनाक्रम अंग्रेजों को एक शूल की तरह चुभता रहा। 1930 में जब स्वतंत्रता आंदोलन एक प्रखर राष्ट्रवाद के रूप में देशव्यापी हो गया तो इस राजनीतिक समस्या के हल के बहाने लंदन में गोलमेज सम्मेलन आहूत किया गया। भारतीय राजाओं के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में हरिसिंह ने इसमें हिस्सा लिया। यहां हरिसिंह ने गिलगिट बाल्टिस्तान समेत, संपूर्ण जम्मू-कश्मीर को 'संघीय राज्य' बना देने की पुरजोर पैरवी की। किंतु यह मांग अंग्रेजों की मंशा के अनुकूल नहीं थी, इसलिए सिरे से खारिज कर दी। यहां अंग्रेजों ने गिलगिट क्षेत्र से हरिसिंह द्वारा अंग्रेज सेना की बेदखली की गांठ बांध ली, उसके प्रतिकार स्वरूप साजिश तो रची ही, औपनिवेशिक कूटनीति व भारत को विभाजित करने की मंशा को फलीभूत देखने के नजरिए से शेख अब्दुल्ला को महत्व देकर उसे कश्मीरी शासक के विरुद्ध उकसाना शुरू कर दिया। नतीजतन शेख ने अलगाववादी संगठन 'मुस्लिम कांफ्रेंस' की नींव डाल दी। इसी दौरान शेख की मुलाकात नेहरू से हुई, जो मित्रता में बदल गई। 1932 से ही शेख ने कश्मीर पर नाजायज कब्जे के लिए जंग छेड़ दी। इसके बाद से लेकर 1947 तक के कालखंड में 1942 की अगस्त क्रांति और दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद जब फिरंगी हुकूमत के खिलाफ जबरदस्त असंतोष और सशस्त्र संघर्ष की घटनाएं आम हो गई तो अंग्रेजों ने अनुभव किया कि अब भारत पर नियंत्रण संभव नहीं है, तब उन्होंने भारतीय रियासतों के विलीनीकरण के लिए धार्मिक व क्षेत्रीय उपराष्ट्रीयताओं को भी उकसाना शुरू कर दिया। फलत: शेख समेत अनेक हिंदू व मुस्लिम नरेशों में एक नए स्वतंत्र देश पर राज करने की मनोकमना अंगड़ाई लेने लगी। जबकि रियासतों का विलय भारतीय राष्ट्र को अखंड भारत का रूप देकर एक सशक्त व एकीकृत संविधान द्वारा संचालित राजनीतिक इकाई का निर्माण करना था। इसी समय शेख ने स्वतंत्र कश्मीर का सुल्तान बनने का सपना देखना शुरू कर दिया। मुस्लिम लीग तो जिन्ना के नेतृत्व में पहले से ही मुसलमानों के लिए पृथक मुस्लिम देश बनाने की मांग कर रही थी। 1946 में शेख ने हरिसिंह के विरुद्ध 'महाराजा कश्मीर छोड़ो आंदोलन' छेड़ दिया। 20 मई 1946 को शेख ने श्रीनगर की मस्जिदों का दुरुपयोग करते हुए सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के ऐलान कराए। नतीजतन शेख की गिरफ्तारी हुई और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई। इस गिरफ्तारी के बाद कश्मीर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में थी। किंतु यह गिरफ्तारी नेहरू हो रास नहीं आई। नेहरू ने शेख की गिरफ्तारी को गलत ठहराते हुए दिल्ली के राजनीतिक हलकों में हरिसिंह को दोषी ठहराना शुरू कर दिया। नेहरू शेख को छुड़ाने के लिए इतने उतावले हो गए कि जब देश स्वतंत्रता संग्राम की निर्णायक लड़ाई लड़ रहा था, तब 19 जून 1946 को नेशनल ऐयरवेज के हवाई जहाज से लाहौर होकर रावलपिंडी पहुंचे और फिर रावलपिंडी से कार द्वारा श्रीनगर पहुंच गए। यहां के कश्मीरी पंडितों ने नेहरू को समझाइश दी कि आपको गुमराह किया जा रहा है, महाराजा अपनी जगह सही हैं। किंतु नेहरू को ये शब्द कानों में पिघले शीशे की तरह लगे। हरिसिंह ने नेहरू का कहना नहीं माना तो 'सत्याग्रह' की घोषणा कर दी। मित्रता के भुलावे में नेहरू द्वारा की गई यह भूल और शेख को छुड़ाने की जिद्द व जुनून कालांतर में ऐतिहासिक भूल साबित हुए। हरिसिंह ने कठोरता बरतते हुए नेहरू के हठ को सर्वथा नकार दिया और उन्हें हिरासत में लेकर कश्मीर की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाकर रिहा कर दिया। नेहरू ने इस आचरण को नितांत अव्यावहारिक माना और हरिसिंह से बदला लेने का संकल्प ले लिया। इसलिए देश की 562 रियासतों को विलय करने का जो दायित्व पटेल बड़ी चतुराई से संभाल रहे थे, उसमें एक जम्मू-कश्मीर का दायित्व नेहरू ने जबरदस्ती अपने हाथ ले लिया। इसी कालखंड में 24 अगस्त 1946 को नेहरू के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बना दी गई। यह वह दौर था, जब पूरे भारत में सांप्रदायिक दंगों के साथ अनिश्चय, अविश्वास एवं अराजक वातावरण छाया हुआ था। इसी समय 20 फरवरी 1947 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने ऐतिहासिक घोषणा की, कि जून 1948 तक भारत को स्वतंत्र कर दिया जाएगा। इस घोषणा के परिणाम की जिम्मेबारी एडमिरल लुईस माउंटबेटन को सौंपी गई। 24 मार्च 1947 को वायसराय के रूप में माउंटबेटन ने भारत के प्रशासनिक दायित्व अपने हाथ में ले लिए। माउंटबेटन ने अलग-अलग गोपनीय मुलाकातें लीगी व कांग्रेसी नेताओं से करके भारत विभाजन का संकल्प गांधी के विरोध के बावजूद ले लिया। अंततोगत्वा 4 जुलाई 1947 को ब्रिटेन की संसद के दोनों सदनों में 'भारतीय स्वतंत्रता विधेयक-1947' पेश कर दिया, जो मत-विभाजन से पारित हो गया। 18 जुलाई 1947 को ब्रितानी हुकूमत ने अनुमोदन भी कर दिया। इसी विधेयक के तहत भारत को धर्म के आधार पर दो स्वतंत्र औपनिवेशिक राज्यों में बांट दिया गया। जम्मू-कश्मीर रियासत का विलय नेहरू के हाथ में होने के कारण असमंजस में रहा। डोगरा राजा हरिसिंह जहां कश्मीर की स्वतंत्र राज्य की परिकल्पना कर रहे थे, वहीं उनके प्रधानमंत्री रामचंद्र काक पाकिस्तान के साथ विलय पर विचार कर रहे थे, क्योंकि उनकी पत्नी यूरोपियन थीं, इसलिए उनकी आंखें मुंद गईं थीं। इसी अनिश्चिता के दौर में 22 अक्टूबर 1947 को शेख की शह पर पाक फौज जीपों व ट्रकों पर सवार होकर कश्मीर में चढ़ी चली आई। इस संकट से मुक्ति के लिए हरिसिंह विवश हुए और उन्होंने 26 अक्टूबर 1947 को विलय-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद 27 अक्टूबर 1947 को कबिलाइयों को बेदखल करने के लिए हवाईजहाज से सेना भेज दी गई। भारतीय सैनिकों ने कबिलाईयों को खदेड़ दिया, किंतु दुर्गम क्षेत्र होने के कारण मुजफ्फराबाद का पीओके, गिलगिट व बाल्टिस्तान क्षेत्र पाक के कब्जे में बना रहा। इस परिप्रेक्ष्य में नेहरू जल्दबाजी में संयुक्त राष्ट्र संघ चले गए। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् ने इसे विवादित क्षेत्र घोषित कर दिया। परिणामस्वरूप युद्धविराम तो हो गया, लेकिन कश्मीर की शासन व्यवस्था को लेकर नेहरू, हरिसिंह और शेख के बीच 'दिल्ली समझौता' हुआ। इस समझौते के आधार पर ही नेहरू ने शेख के सुपुर्द जम्मू-कश्मीर की कमान सौंप दी। इसके बाद कश्मीर को विशेष दर्जा देने के लिए 370 का अनुच्छेद पटेल और अंबेडकर के विरोध के बावजूद जोड़ दिए गए, जो अलगाव की दरार मोटी करते चले गए। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रबोध के चलते अनुच्छेद-370 खत्म कर दिया गया है, लेकिन अभी गुलाम कश्मीर से पाकिस्तान का अवैध कब्जा हटाया जाना शेष है।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

# जल विद्युत परियोजना में अनदेखी की हो उच्चस्तरीय जांच

## एनजीटी की टीम से विशेष जांच कमेटी बैठाए जाने की मांग

बागेश्वर (उद संवाददाता)। बागेश्वर-पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर स्थित दो जिलों की सीमा पर बन रही जलविद्युत परियोजना के निर्माण से ग्रामीणों को अब खतरा महसूस होने लगा है। ग्रामीणों को जोशीमठ की तरह गांव में भी कभी भी आपदा आने का भय सताने लगा है। दो जिलों की सीमा पर स्थित सिरसोली गांव के ग्रामीण सरयू नदी पर बनाई जा रही जल विद्युत परियोजना में टनल निर्माण से घरों में आ रही दरारों से परेशान है। वही टनल निर्माण में हो रही ब्लास्टिंग से घरों में भूकंप आने जैसी आहट से लोग भयभीत है। वही सरयू नदी पर बन रही निर्माणाधीन परियोजना में परियोजना का निर्माण कर रही कम्पनी और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर और अधिकारियों पर भी सवालिया निशान उठने लगे है। वही कई लोगों ने इसके लिए कंपनी के नाम पर सवालिया निशान उठाए। जहाँ योजना का नाम भीमताल स्थित खुटानी जलविद्युत परियोजना लिखा है वही कठानी गांव के ग्रामीणों को कंपनी द्वारा गांव के नाम पर योजना बनने की बात कही है।वही सभी ग्रामीणों के बजाय मिलीभगत कर योजना के निर्माण में जरूरी अटकलों को दूर करने के लिए केवल कुछ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मिलीभगत कर योजना का निर्माण हो रहा है।ऐसे में सबसे बड़ा नुकसान धुराफाट क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था दूर करने के लिए करोड़ो की लागत से बनी पेयजल योजना पर असर पड़ने की आशंका है। वही मिलीभगत कर योजना में कोई मंदिर सार्वजनिक स्थान। और जरूरी पर्यावरण सम्बन्धी मानकों को योजना से प्रभावित नही दिखाया गया है। जबकि योजना से सत्तेश्वर में शवदाह गृह,दो जिलों के दैवीय आस्था का प्रतीक मसाण मन्दिर, शिवालय, साजबगढ़ के समीप बने मा भगवती का मंदिर भी योजना से प्रभावित है। जबकि योजना के निर्माण से नदी के समीप कई हरे भरे पेड़ो को नष्ट कराकर कोई पर्यावरणीय नुकसान नही दिखाए जाने से बड़ी मिलीभगत की आशंका है।ऐसे में पर्यावरणीय दृष्टि से अनदेखी करने वालों के खिलाफ लोगों ने जांच की मांग की है। वही योजना का निर्माण भी खुटानी दर्शाया गया है। जबकि कम्पनी द्वारा योजना कठानी गांव में प्रस्तावित दिखाया गया है। वही यदि योजना बागेश्वर जिले के कठानी गांव की थी तो फिर मनमाने तरीके सर योजना को दूसरे स्थान पर बनवाने में बड़ी मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।वही सिरसोली के ग्रामीणों ने बैठक कर खुटानी लघु जल विद्युत परियोजना के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने परियोजना निर्माण के लिए किए जा रहे विस्फोटक से मकानों और जमीन में दरार आने का भी आरोप लगाया। ग्रामीण बागेश्वर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बालकृष्ण के नेतृत्व में एकत्र हुए और विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि परियोजना में टनल निर्माण में विस्फोटक से मकानों और जमीन में दरार आने का आरोप लगाया। विस्फोटक से कभी भी जन एवं पशु हानि हो सकती है। आरोप लगाया कि उनकी जमीन को जबरन छीना गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही प्रभावित ग्रामीणों का विस्थापन नहीं किया गया और टनल के कार्य में विस्फोटक बंद नहीं किया गया तो ग्रामीण भूख हड़ताल करेंगे।वही सरकार और प्रधानमंत्री से कभी भी कोई हादसा होने पर इसकी जिम्मेदारी लेने की बात कही। और पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई गई एनजीटी और नियामक एर्जेसियों से इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। विरोध जताने वालों में कैलाश चंद्र,पूर्व प्रधान दीपक कुमार, भूपेश कुमार, मनोज कुमार, नीमा देवी, देवकी देवी थे।

# झपट्टामार गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

## लूट के आठ मोबाइल फोन और चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद

काशीपुर(उद संवाददाता)। चोरी की मोटरसाइकिलों पर सवार होकर क्षेत्र में झपटमारी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के 8 मोबाइल फोन तथा चोरी की पिछले कुछ समय से क्षेत्र में ताबड़तोड़ तरीके से घटित हो रही झपटमार घटनाओं को लेकर एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने चार दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के बाद बदमाशों की पट्टी बर्फ फैक्ट्री के सामने निवासी अजीम पुत्र नासिर, मोहल्ला पंजाबी सराय मुस्लिम फंड बैंक के सामने निवासी मोहम्मद अमन उर्फ गैंडी पुत्र सईद अहमद तथा तीसरे ने अपना नाम मजरा लक्ष्मीपुर पट्टी सुनहरी मस्जिद के समीप केस में जेल में रहने के बाद उनके बहुत पैसे खर्च हो गए। इसी की भरपाई के लिए उन्होंने यह रास्ता अख्तियार किया। बदमाशों ने पुलिस की कड़ी पूछताछ में यह भी बताया कि घटना को अंजाम देने के लिए वह तमंचा साथ में रखा करते थे





दो मोटरसाइकिल बरामद की है। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पकड़े गए बदमाशों का पुलिस द्वारा चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सूरत शिनाख्त कर ली। बताया गया कि पुलिस टीम नागनाथ मंदिर के समीप चेकिंग अभियान चलाए हुई थी इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्ध युवकों को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने अपना नाम मोहल्ला लक्ष्मीपुर निवासी अमन उर्फ ढक्कन पुत्र अब्दुल हाजी रसीद बताया। तलाशी में तीनों की कब्जे से पुलिस को चोरी की दो मोटरसाइकिल तथा छापामारी कर लूटे गए 8 मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने बताया कि पूर्व में गठित किए गए झपटमारी के ताकि अमुख व्यक्ति को डराया जा सके। गैंग का एक सदस्य अकेले आगे जाकर रैकी करता था। लाइन क्लियर होने पर वह दूर खड़े दो अन्य सदस्यों को इसकी सूचना देता था इसके बाद तीनों बदमाश मिलकर अमुक व्यक्ति को असलम की नोक पर बड़ी ही आसानी से लूट लिया करते थे।

# रमजान माह के दौरान मस्जिदों में लाउडस्पीकर लगाने की मांग


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा संघर्ष समिति संयोजक उवैस राजा ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को ज्ञापन सौंपकर उनसे रमजान माह के दौरान मस्जिदों में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि रमजान का पाक महीना आने वाला है जिसमे मुस्लिम समाज द्वारा पूरे महीने के रोजे रखे जाते है और ऐसे में मस्जिदों के लाउडस्पीकर प्रशासन द्वारा पूरी तरह से बंद करवा दिए गए है। जिसमे आवाज मस्जिद के बाहर तक नही आ पा रहीं है। इससे रमजान के इस



महीने में लोगों को काफी परेशानी हो जाएगी। क्योंकि नमाजियो को आजान की आवाज तक नही आ पाएगी। जबकि रमजान में सुबह सहरी में और शाम को इफ्तार के वक्त भी मस्जिदों से माइक द्वारा ही बताया या उठाया जाता है। उवेस ने कहा है कि एक माह के रमजान के लिए मस्जिदों में लाउडस्पीकर की अनुमति देने की कृपा करे ताकि लोगो को रमजान के महिने में परेशानी न उठानी पड़े।

# सीओ ने किया यातायात कार्यालय का निरीक्षण

कपकोट(उद संवाददाता)। पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने यातायात कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। यातायात कर्मचारियों के साथ बैठक की।उनकी व्यक्तिगत,पारिवारिक,विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के रजिस्टरों को की जांच की और आवश्यक



निर्देश दिए। यातायात ड्यूटी में नियुक्त सभी कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर समय से पहुंचने, ड्यूटी का निर्वहन सही प्रकार से करने के निर्देश दिए। यातायात नियमों का पालन न करने एवं यातायात व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले चालकों का ट्रैफिक आई एप के माध्यम से अधिक से अधिक चालानी कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान एसआई चंदन सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण सभा समिति के संरक्षक बने शैलेंद्र मिश्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। ब्राह्मण सभा समिति द्वारा आयोजित प्रोग्राम के दौरान जनजीवन उत्थान समिति के अध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा को संगठन में नई जिम्मेदारी दी गई। उन्हें आगामी 3 वर्षों के लिए संरक्षक के पद पर सुशोभित किया गया। ब्राह्मण सभा समिति में अगले



3 वर्षों के लिए संरक्षक के पद पर मनोनयन होने के बाद जहां एक और संगठन के तमाम पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज के लोगों में भी शैलेंद्र मिश्रा के मनोनयन से उत्साह देखा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि ब्राह्मण सभा समिति की आवश्यक बैठक भगवान परशुराम रोड स्थित चामुंडा बिहार समिति सभागार में संपन्न हुई। आहूत बैठक में संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। रायशुमारी के बाद संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा को आगामी 3 वर्षों के लिए संरक्षक के पद पर मनोनीत किए जाने का फैसला लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद समाजसेवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उस अपेक्षाओं पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के साथ- साथ सर्व समाज के लोगों के उत्थान के प्रयास करना उनकी पहली जिम्मेदारी है। बैठक में संगठन के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी तादाद में मौजूद रहे।

# श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय के एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर श्री सनातन धर्म विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. सतविंदर कौ (महाविद्यालय की प्राचार्य) ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वयं सेविकाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन




किया। शिविर के शुभारंभ के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सतविंदर कौर ने छात्राओं के सम्मुख अपने एनएसएस अनुभव साझा किए और छात्राओं को आदेशों व अनुशासन को अपनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सुगंधा भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाए डा. ज्योति, डा. शिल्पा, डा. चंपा, डा.नीमा, डा. रजनी, डा. श्वेता, डा. रेखा, डा. सत्यवती, नेहा, डा.भावना, नेहा, डा.नीतू, प्रेरणा सोनिया व गुंजन आदि उपस्थित थे।

# अविवाहित बताकर विधवा से शादी करने पर सीआरपीएफ कर्मी के खिलाफ केस दर्ज

हल्द्वानी। एक महिला ने सीआरपीएफ कर्मचारी पर झूठ बोलकर शादी करने और उसकी पहली शादी की सच्चाई सामने आने पर मारपीट करने व बच्चों को मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। काठगोदाम पुलिस ने कर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।काठगोदाम के गौलापार स्थित पूर्वी खेड़ा निवासी पार्वती बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पहले पति का निधन हो चुका है। वर्ष 2021 में सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम निवासी सुरेंद्र सिंह राणा से उनकी मुलाकात हुई। सुरेंद्र ने खुद को अविवाहित बताया और 17 फरवरी 2022 को उससे शादी कर ली। शादी के कुछ ही समय बाद पता चला कि सुरेंद्र पहले से शादीशुदा है। महिला ने इस पर एतराज जताया तो उसने मारपीट शुरु कर दी। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम में बावर्ची के पद पर तैनात है। उसके खिलाफ कार्यालयी जांच भी चल रही है।

# अधिवक्ता के निधन पर शोक

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन काशीपुर की एक शोक सभा एसोसिएशन के सभागार में संपन्न हुई जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी गुलाम साबिर तथा एडवोकेट सतविंदर के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई कि उनके परिजनों को गहन दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें ।शोक सभा में बार एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, रहमत अली खान तथा कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कंबोज ,अमन राणा, राजीव कुमार, सोनल सिंघल ,धर्मेंद्र कुमार, विशाल सक्सेना, गौरव राजपूत आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# गंगा में राफ्ट पलटने से पर्यटक की मौत

ऋषिकेश। ऋषिकेश में गंगा में गोल्फ कोर्स रैपिड के पास राफ्ट पलटने से अंबाला की एक महिला पर्यटक गंगा में डूब गई। राफ्टिंग गाइड और हेल्पर ने युवती को गंगा से बाहर निकाला। जिसके बाद युवती को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हरियाणा के अंबाला के लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी रूपा कुमारी (28) पुत्री दिनेश्वर सिंह ऋषिकेश घूमने आई थी। रविवार सुबह दोस्तों के साथ राफ्टिंग के लिए निकल गई। फूलचट्टी की ओर आ रही राफ्ट लेवल थ्री प्लस के गोल्फ कोर्स रैपिड के पास पलट गई। इस दौरान रूपा कुमारी गंगा में डूब गई। राफ्टिंग गाइड और हेल्पर ने उसको गंगा से बाहर निकाल कर सीपीआर दिया। इसके बाद आनन-फानन रूपा को 108 इमरजेंसी एंबुलेंस से उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया। थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि एम्स में चिकित्सकों ने रूपा कुमारी को मृत घोषित कर दिया।

## पेज एक का शेष...

**हंगामे के बीच...**उन्हें सदन में जाने के लिए मनाया। विधान सभा सत्र के दौरान सदन के सीएम पुष्कर सिंह धामी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी अपनी-अपनी परीक्षाओं से गुजरेंगे। इस बार करीब आठ महीने बाद सत्र हो रहा है। इस अवधि में तीनों दिग्गजों ने अपने-अपने किस्म की राजकाज से लेकर सियासी उलटबासी देखी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने उनकी सरकार को विपक्ष के हमले से बचाने की चुनौती है। उन्हें रोजगार, भर्ती घोटाला और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर न सिर्फ विपक्ष के प्रश्नों के उत्तर देने हैं बल्कि विपक्षी हमलों का नाकाम करने का दबाव भी उन पर रहेगा। 18 मार्च तक प्रस्तावित सत्र के लिए विपक्ष ने कानून व्यवस्था, भर्ती प्रकरण, वनंतरा रिसार्ट प्रकरण, आपदा प्रभावितों को मुआवजा समेत अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। जिसके चलते सदन की हंगामेदार शुरूआत हुयी है।

**डीएम ने दिया आश्वासन..**कहेंगे ताकि व्यापारियों का अधिक नुकसान ना हो। उन्होंने मेयर से कहा कि नगर में वेंडिंग जोन के लिए स्थान चयनित किए जाए जो राष्ट्रीय राजमार्ग से हटकर हों। वहां फड़ खोखे में कारोबार करने वाले व्यापारियों को उचित स्थान उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी से मिलने वालों में मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा,आशू ग्रोवर,सोनू अनेजा, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, रमेश कालड़ा,नंद लाल, शैलेन्द्र ग्रोवर,राजा मदान, अनिल जोशी समेत लोहिया मार्केट के दुकानदार शामिल रहे। इससे पूर्व आंदोलित व्यापारियों की नगर निगम सभागार में मेयर,पार्षद एवं पूर्व विधायक आदि के साथ बैठक आयोजित हुई। जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारी किसी भी हालत में अपना स्थान नहीं छोड़ेंगे। पिछले कई दशकों से व्यापारी इस स्थान पर अपना कारोबार करते आ रहे है। उन्होंने कहा कि कारोबार करते व्यापारियों की तीन पीढ़ियां हो गई है। श्री जुनेजा ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को मेहमानों की चिंता तो है लेकिन शहर वासियों की चिंता बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा मुख्य मार्ग पर दशकों बाद दीवारों व पोलो पर प्रशासन रंगाई पुताई करा रहा है। उन्होंने आंदोलन को समर्थन देने के लिए विधायक, मेयर, सभी पार्षदों व पूर्व विधायक सहित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि वह शहर के प्रथम नागरिक हैं इसलिए शहर वासियों के हित उनके लिए सर्वोपरी हैं। बैठक में मेयर ने कहा कि दलगत राजनीति से उपर उठकर दुकानों को बचाने के लिए व्यापारियों का साथ दें। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए वह हमेशा संघर्ष करते रहे हैं। बैठक को अन्य कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

**कांग्रेसियों ने फूंका...** उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारी जी 20 सम्मेलन में हर तरीके से साथ देने को तैयार हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ी है और उनके आंदोलन में हमेशा साथ रहेगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार लोगों को उजाड़ने का काम कर रही है जबकि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को बसाने का काम किया है। इस दौरान हरीश बावरा, गोपाल भसीन, साजिद खान,मोनू निषाद,विजय यादव, पार्षद सुरेश गोरी, राजेश कुमार, मोहन भारद्वाज, अबरार अहमद, परवेज कुरैशी, सोफिया नाज, विजय अरोरा, राजीव कामरा, सुनील आर्य, संजीव रस्तोगी, मोनिका ढाली, सपना गिल, प्रकाश शर्मा, रामकृष्ण कनोजिया, फरमान सिद्दीकी, जमुना कोली, खगपति विश्वास, उमर अली, अशोक मंडल, नासिर खान, आशीत बाला, अरविंद सक्सैना, सुरेश जोशी, राधेश्याम बंसल, विमल गंगवार, हरीश जोशी, राजीव यादव, गौरव खुराना, आमिर हुसैन, अबरार अहमद, उमर खान, अशफाक अंसारी, जमुना कोहली, बाबू विश्वकर्मा, रविंद्र गुप्ता, सतीश राजपूत, इदरीश गोला, अहमद, शिवपद सरकार, विमल घरामी, विष्णु मंडल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पश्चात सभी कार्यकर्ता राममनोहर मार्केट पहुंचे जहां आंदोलित व्यापारियों द्वारा किए जा रहे बेमियादी धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग किया।

**नरेश हत्याकांड में...**लेकर दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा फसाद हो गया है जिसमें नरेश 25 वर्ष पुत्र चंद्रपाल के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले का संज्ञान लेते हुए तहरीर के आधार पर धारा 302/147/504/323/34 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए हत्या अभियुक्तों में से महेंद्र पुत्र रामस्वरूप विक्की पुत्र सुरेश एवं कंचन पुत्र गोपाली को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया जबकि वार्ड नंबर 9 खड़कपुर देवीपुरा निवासी विक्की उर्फ विशाल पुत्र ओमप्रकाश तथा यहीं के बालकिशन पुत्र रामस्वरूप को पुलिस ने क्षेत्र से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद दोनों को जेल रवाना किया।

**होली के दिन मारपीट...**बुरा हाल है। इधर पुलिस ने धारा 323, 504, 506 और 307 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी लक्ष्मण राम को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है । अरविंद की मौत के बाद परिवार पर भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। वर्ष 2012 में रेलवे द्वारा हटाए गए अतिक्रमण के दौरान उक्त परिवार का आशियाना बंगाली कॉलोनी से उजाड़ दिया गया था, तब से उक्त परिवार इंदिरा नगर प्रथम में किराए पर रह रहा है, तथा ड्राइवरी कर अरविंद अपने एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था कि उक्त घटना से परिवार के समक्ष भी रोजी रोटी का संकट आ गया है, उसकी दो नन्ही मुन्नी बेटियां भी हैं।

**तमंचा और कारतूस...**बैंक के पास निवासी अमन उर्फ गैंडी पुत्र सईद अहमद बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 315 बोर का एक तमंचा तथा कारतूस बरामद हुआ। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सरमूल में होगा तीन दिवसीय छोटा महाकुंभ

## प्रधानमंत्री मोदी के पारिवारिक गुरु स्वामी अभिराम दास होंगे महाकुंभ में शामिल

कपकोट(उद संवाददाता)। श्री रामानंद संत आश्रम भद्रतुंग में पतित पावनी सरयूनदी के मूल सरमूल में मई महीने में तीन दिवसीय छोटा महाकुंभ आयोजित किया जाएगा, समिति द्वारा महाकुंभ के कुशल संचालन के लिए विचार मंथन शुरु हो गया है, क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल पिछ्ले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पारिवारिक गुरु और महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी अभिराम दास से वार्ता कर उनका मार्गदर्शन लेकर लौटे है। टीम में शामिल लोगों ने अनुष्ठानस्थल का मौका मुआयना किया। समिति के सदस्यों ने हिमालय की गोद मे बसे ऋषि मुनियोंऔर देवी देवताओं की तपोस्थली में होने वाले महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग की अपील की, सब कुछ ठीक रहा तो यह देवभूमि कुमाऊँ का सबसे बड़ा अनुष्ठान होगा। उज्जैन से लौटे आश्रम के श्री संत देवानंददास महाराज ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ भद्रतुंग में छोटा महाकुम्भ आयोजित करने का विचार आया था। इसके लिए महामंडलेश्वर का मार्गदर्शन लिया जाना था। योजना के अनुसार छोटा महाकुंभ में देश विदेश के संत महात्माओं समेत एक लाख से भी अधिक लोग जुटेंगे। जिनके रहने, खाने, यज्ञ और अनुष्ठान के लिए आश्रम और तीर्थस्थल के आगे की भूमि का सबसे आकर्षक होगा। यदि समय से सहयोग के हाथ आगे नहीं बढ़े तो यहां तीन दिवसीय 11 कुंडीय रामार्चन यज्ञ होगा। बताया कि कार्यक्रम जो भी तय होगा इसके बारे में



पहले समतलीकरण होना है समतलीकरण कार्य में 10 लाख रुपए से अधिक का खर्च आने का अनुमान है। इस कार्य में जल्दी से आवश्यक सहयोग मिला तो महाकुंभ भव्य, दिव्य और 18 मार्च को ऋषिकेश जाकर महामंडलेश्वर को विस्तार से बताया जाएगा। उनका निर्णय अंतिम होगा। अनुष्ठान के लिए लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उज्जैन में महामंडलेश्वर से मिलने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता रमेश गढ़िया, पूर्व सभासद गिरीश चंद्र जोशी, प्रकाश देव और नवीन चंद्र जोशी थे। समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय ने कहा कि भद्रतुंग क्षेत्र का बड़ा तीर्थस्थल है यहां से करीब सात किमी दूर पतित पावनी मां सरयू का उद्गम स्थल और सहस्रधारा है। मालूम हो कि मुनिश्रेष्ठ वशिष्ठ जी की वर्षों की कठिन तपस्या से अनादिकाल में सरयू की जलधारा धरती पर उतरी थी। छोटा कुम्भ के नाम से आयोजित होने वाले कुमाऊं के सबसे बड़े और पहले अनुष्ठान से जहां मां सरयू को विशिष्ट पहचान मिलेगी वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वालों को सरयू के महात्म्य जानने, समझने का अवसर मिलेगा और धार्मिक पर्यटन को नए पंख भी लगेंगे। उन्होंने, क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और जागरूक लोगों ने क्षेत्र के विधायक सुरेश गढ़िया से प्रस्तावित भूमि का समतलीकरण करवाकर पुण्य के भागी बनने को कहा है। बताया कि यदि छोटा कुंभ का आयोजन हुआ तो यह उनके कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि भी होगी।

# कलश यात्रा के साथ अखंड महानाम संकीर्तन का शुभारंभ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। जयंत नगर में तीन दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन के शुभारंभ पर ग्रामीणों ने धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। रुदपुर ग्राम सभा के जयंतनगर में अखंड महानाम संकीर्तन के शुभारंभ पर रविवार को महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में संकीर्तन स्थल से कलश यात्रा शुरू की। सूखी नदी में मां गंगा की पूजा अर्चना के उपरांत कलश में जल भरकर संकीर्तन स्थल पहुंचकर कलश स्थापित किया। रविवार रात आठ बजे अधिवास पूजा के उपरांत सोमवार प्रात: 6 बजे से अखंड महानाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व शनिवार रात को काली माता का पूजा का आयोजन किया गया। पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां काली की पूजा संपन्न किया । कलश यात्रा में विवेकानंद राय , अखिल राय ,प्रतुल सरकार , ध्रुव हाजरा ,नमिता मृधा, मेनका राय ,पुष्पा मजूमदार ,दिव्या विश्वास, तारापद राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध अपना अभियान जारी रखते हुए एक नशा तस्कर को स्मैक तस्करी करते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में एएनटीएफ बनभूलपुरा टीम में शामिल उनि मनोज यादव,कानि. सुनील कुमार, मुन्ना सिह के द्वारा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम करने हेतु चेकिंग के दौरान मलिक का बगीचा के पास शिवम सिह चौहान पुत्र दीपक सिह चौहान निवासी पुरानी चुंगी काठगोदाम को 4.5 ग्राम स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना बनभूलपुरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



# मोबाईल चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने 1.25 लाख रुपए कीमत के मोबाईल फोन चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को चुराए हुए मोबाईल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 11 मार्च को फरमान अली पुत्र मो.फारूख निवासी जवाहर नगर वार्ड 15 द्वारा थाना बनभूलपुरा में रपट दर्ज कराई गई थी कि 9 मार्च को वह अपने घर पर अकेला सो रहा था। उसी बीच मध्य रात्रि अज्ञात चोर ने घर में घुसकर पर्स जिसमे नगदी व आधार कार्ड थे तथा उसके तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए हैं। मामले के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उनि मनोज यादव आदि द्वारा तत्काल रूप से कार्यवाही शुरू की गई।




टीम ने मुखबिर की सूचना पर इन्द्रानगर ठोकर रेलवे पटरी के पास घटना में शामिल दोनों शातिर चोरों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता बरीश उर्फ फरीद पुत्र अब्दुल लतीफ गफ्फारी निवासी लाईन नंबर 17 लाल मस्जिद के पास वार्ड 23 तथा मेराज पुत्र मौ. हनीफ निवासी लाईन नंबर 18 वार्ड 24 चोरगलिया रोड थाना वनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से चोरी किये गये तीनों मोबाइल, एक आई फोन, फरमान का आधारकार्ड व पर्स मय 3300 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने सामान सहित दोनों चोरों बरीश व मेराज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि बरीश व मेराज पूर्व में भी अलग अलग मामलों में जेल जा चुके हैं। पकड़ने वाली पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, उ0नि0 मनोज यादव, उ0नि0 संजीत राठौड़, कानि0 हरीश रावत, मौ0 अतहर, सुनील कुमार व दिलशाद अहमद शामिल थे।

# शराब के नशे में चालक ने साथी को मारा लट्ठ , हालत गंभीर

लालकुआं (उद संवाददाता)। एक दूसरे संग शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर दो चालकों में झगड़ा हो गया। इस दौरान एक ने दूसरे के सिर में लठमार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायल के परिजनों की तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जानलेवा हमला करने के तहत मुकदमा पंजीकृत कर इस गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार गत आठ मार्च की शाम यहां इंदिरा नगर प्रथम बिंदुखत्ता निवासी अरविंद सिंह बिष्ट और उसके पड़ोस में रहने वाले लक्ष्मण राम ने साथ में शराब पी।एल जिसके बाद किसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसी बीच हाथापाई शुरू हो गई और लक्ष्मण ने अरविंद के सिर में लठ्ठ से प्रहार कर दिया। जिससे अरविंद लहूलुहान होकर सड़क के किनारे गिर गया। अरविंद की बिगड़ती हालत को देखकर लक्ष्मण राम मौके से फरार हो गया। शोर की आवाज सुनकर वहां पहुंचे आसपास के लोगों ने अरविंद को उपचार के लिए एसटीएच चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया। जहां अभी भी अरविंद वेंटिलेटर में है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्सकों ने बताया कि अरविंद को पिछले चार दिन से होश नहीं आया है। इधर अरविंद की मां उषा देवी ने लालकुआं कोतवाली में लक्ष्मण राम निवासी इंदिरा नगर प्रथम मूल निवासी ग्राम राथी थाना धारचूला जिला पिथौरागढ़ के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी लक्ष्मण राम को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। इधर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे अरविंद के उपचार के लिए उसकी बूढ़ी मां अत्यधिक परेशान है। बताया जाता है कि वर्ष 2012 में रेलवे द्वारा हटाए गए अतिक्रमण के दौरान उक्त परिवार का आशियाना बंगाली कॉलोनी से उजाड़ दिया गया था। तब से उक्त परिवार इंदिरा नगर प्रथम में किराए पर रह रहा है तथा ड्राइवरी कर अरविंद अपने एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। अब अरविंद की हालत चिंताजनक होने से परिवार के समक्ष भी रोजी रोटी का संकट आ गया है। अरविंद की दो छोटी बेटियां हैं।

# छात्राओं एवं उनके माता-पिता को किया जागरूक

गदरपुर (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आसरा ट्रस्ट दा हंस फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस कन्या शिक्षा के तहत छात्राओं एवं उनके माता-पिता द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। आसरा ट्रस्ट के स्टाफ द्वारा महिलाओं को बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ एवं शिक्षा के प्रति विनीता एवं गुड़िया सहित आसरा ट्रस्ट के ट्विटर ज्योति,सुरभि,प्रियंका,सपना आदि शामिल थे स इस कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों तथा ग्राम प्रधान



नजदीकी ग्राम मजरा शीला स्थित राजकीय प्राइमरी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की जागरूक किया गया उनके अधिकार एवं सम्मान के बारे में बताने के साथ बालिका शिक्षा के महत्व को समझाया गया। जिसमें आसरा ट्रस्ट के मेंटर ने भी पूर्ण सहयोग किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की गुलशन एवं याचना के अलावा अन्य बालिकाओं द्वारा कई सांस्कृतिक प्रोग्राम भी किए गए।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में चयनित छात्रों ने दी दूसरे चरण की परीक्षा

काशीपुर(उद संवाददाता)। स्थानीय चौती रोड स्थित तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एएमजीआर द्वारा दूसरे चरण की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे काशीपुर क्षेत्र समेत आसपास के तमाम विद्यालयों के दर्जनों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एएमजीआर ट्रस्ट के संस्थापक संतोष कुमार ने बताया कि उनके द्वारा 50 स्कूलों में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसे 6 ग्रुप में क्रमश: कक्षा 1 से 2, कक्षा 3 से 4, कक्षा 5 से 6 कक्षा, 7 से 8, कक्षा 9 से 10, कक्षा 11 से 12 में बांटा गया। संतोष कुमार ने बताया कि परीक्षा के नतीजों की घोषणा होने के बाद प्रत्येक ग्रुप के लिए प्रथम पुरस्कार 10000 द्वितीय 5000 तृतीय 2000 स्कॉलरशिप के रूप में दिए जायेंगे। इसी के साथ साथ 10 सांत्वना पुरस्कार व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों



को सर्टिफिकेट और मेडल भी प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को 2 महीने की फ्री ऑनलाइन क्लास भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप के पैसे बच्चों के स्कूल में जमा कराए जाएंगे ताकि शिक्षा में बच्चों को आर्थिक रूप से कुछ मदद मिल सके। इस अवसर पर बच्चों के साथ उनके परिजन और स्कूलों से अध्यापक उपस्थित रहे।

# रुड़की में दुष्कर्म पीड़िता पर आरोपी ने फेंका तेजाब, युवती अस्पताल में भर्ती

रूड़की। उत्तराखंड के रुड़की में एसिड अटैक का मामला सामने आया है। दवाई लेकर घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता युवती पर आरोपी ने तेजाब फेंक दिया। बताया गया है कि हाथ पर तेजाब डाला गया है। पुलिस ने युवती को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।जानकारी के अनुसार, कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक युवती ने करीब दो सप्ताह पूर्व पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक रहीस हैदर के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। आरोप है कि शनिवार की देर रात युवती घर के पास में ही चिकित्सक से दवाई लेकर लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उस पर तेजाब फेंक दिया। अचानक हुए एसिड अटैक में युवती बुरी तरह झुलस गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आवाज सुनक आस-पास के लोग पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी मनोज मैनवाल ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इस संबंध में पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सिविल अस्पताल रुड़की के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डा. भानु प्रताप शाक्य ने बताया कि युवती की बांह पर तेजाब डला था। युवती खतरे से बाहर थी। जरूरी उपचार देने के साथ ही युवती को कोरेनेशन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था।